डेल्फिक गेम्स ऑफ राजस्थान का हुआ समापन

चर्चा में क्यों?

12 फरवरी, 2023 को डेल्फिक काउंसिल ऑफ राजस्थान की ओर से जवाहर कला केंद्र में आयोजित डेल्फिक गेम्स ऑफ राजस्थान के समापन समारोह में विभिन्न स्पर्धाओं के विजेताओं और उप विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।

प्रमुख बिंदु

- फोटोग्राफी वर्ग में 'जॉय ऑफ चाइल्डहुड'विषय पर राजेश कुमार सोनी ने प्रथम पुरस्कार और उदय डंगायच ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया तो वहीं 'रूरल राजस्थान'विषय पर सिकंदर खान ने प्रथम एवं अविनाश मेहता ने दूसरा पुरस्कार हासिल किया।
- पॉप गायन में अनिल हासवानी को प्रथम तथा गोवर्धन को द्वितीय ,शास्त्रीय गायन में हुल्लास पुरोहित को प्रथम तथा ऐश्वर्य आर्य व मोहम्मद शोएब को संयुक्त रूप से द्वितीय पुरस्कार दिया गया।
- इसके अलावा भारतीय फिल्म संगीत की गायन श्रेणी में अलीना भारती को प्रथम एवं हर्ष कुमार गोला को द्वितीय पुरस्कार मिला।
- शास्त्रीय नृत्य श्रेणी में राधिका अरोड़ा प्रथम व संगीता सैन को द्वितीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया।
- लोकनृत्य में वैशाली सुरोलिया को पहला पुरस्कार मिला तो वहीं रुनझुन घोष को दूसरा पुरस्कार दिया गया।
- गौरतलब है कि डेल्फिक काउंसिल ऑफ राजस्थान की ओर से जवाहर कला केंद्र में 9 से 12 फरवरी,2023 तक डेल्फिक गेम्स ऑफ राजस्थान का आयोजन किया गया था।
- उल्लेखनीय है कि डेल्फिक खेलों की शुरुआत ग्रीस के डेल्फिक गाँव से हुई। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर चार बार इनका आयोजन हो चुका है तथा अब भारत के राज्यों में भी इनके आयोजन होने लगा है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/delphic-games-of-rajasthan-concludes